# जिले की 343 आंगनवाड़ियों में नहीं है नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए लाइट और पंखों की व्यवस्था-विधायक जैन

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में संचालित आंगनवाडी केन्द्रो में कल का भविष्य बनने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए ना तो आंगनवाडी केन्द्रो पर विद्युत व्यवस्था है और न हीं उनके लिए गर्मी से राहत देने के लिए पंखे, जैन द्वारा विभाग के माध्यम से प्रश्न कर जानकारी मांगी गई थी कि मंदसौर जिले में कितनी आंगनवाडी केन्द्रो पर बिजली कनेक्शन होकर लाइट और पंखों की व्यवस्था है तो विभाग द्वारा जो उत्तर सदन मे दिया गया है उसमें आश्चर्य हुआ है कि पूरे जिले में 343 आंगनवाडी केन्द्रो में विद्युत व्यवस्था नहीं है इनमें मंदसौर की 58, सीतामऊ की 40, गरोठ की 102, मल्हारगढ की 54, भानपुरा की 89 आंगनवाडी केंद्र सम्मिलित है। विधायक जैन द्वारा मांग की गई है कि आप कल्पना कीजिए कि इस प्रकार की भयंकर गर्मी में किस तरह आंगनवाडी केदो पर छोटे-छोटे बच्चे रहते होंगे जहां इस बार पूरे जिले सहित पूरे प्रदेश में 44 से 45 डिग्री टेंपरेचर था ऐसे में किस प्रकार बच्चों को परेशानियों का सामना करना पडा होगा यह आप सोच सकते हैं विधायक जैन द्वारा मांग की गई है कि शिघ्र ही विधानसभा क्षेत्र और पूरे जिले के आंगनवाडी केन्द्रो में विद्युत कनेक्शन की स्थापना कि जाकर लाइट एवं पंखों की व्यवस्थाएं की जाए। श्री जैन ने कहा है कि हर साल विभाग भारी भरकम बजट जारी करता है उसके बावजूद भी इन केन्द्रो पर मूलभूत सुविधाएं क्यों विकसित नहीं हो पा रही है यह सोचने का विषय है जैन का मानना है कि यह जिले के नन्हे मुन्ने बच्चे जो की कल का भविष्य है उनके जीवन के साथ खिलवाड है।



**जीर्णशीर्ण पंचायत भवनों और नव गठित ग्राम पंचायत के भवनों का होगा शीघ्र निर्माण**–विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन द्वारा विधानसभा में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में विधानसभा क्षेत्र मंदसौर सहित जिले की जीवन सिंह पंचायत और नवगठित पंचायत के पंचायत भवनों के निर्माण और उन्हें सचिन और रोजगार सहायकों की पदस्थापना के संबंध में आवाज उठाई है पंचायत मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा सदन में दिए गए उत्तर के दौरान बताया गया है कि मंदसौर विधानसभा क्षेत्र में 25 ग्राम पंचायत के भवन जिर्ण शीर्ण है और चार नव गठित पंचायत (भूखी, हैदरवास, पीपलखेडी, दमदम) जिनके पास पंचायत के भवन नहीं है शीघ्र ही इन पंचायतो में नविन पंचायत भवन के निर्माण कार्य स्वीकृत हो जाएंगे वही जैन द्वारा मांग की गई है कि पूरे मंदसौर जिले में 29 ग्राम पंचायत का गठन हुआ है उनमें सचिव और सहायक सचिव की नवीन नियुक्तियों का विज्ञापन भी निकाला कर भर्तीया की जाएं ताकि क्षेत्र के युवाओं को शासकीय नौकरी प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हो सके।

**क्षेत्र के मजरे टोले उमाहेडा, अजनोटी और पालसोडा जल्द ही बनेंगे राजस्व ग्राम**–वही विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायतो में स्थित मजरे टोलो को राजस्व ग्राम बनाए जाने के संबंध में भी जैन द्वारा मांग की गई है उत्तर में बताया गया है कि ग्राम पंचायत आक्या उमाहेडा का मजरा टोला उमाहेडा, नांदवेल का मजरा टोला अजनोटी और धंधोडा का मजरा टोला पालसोडा को राजस्व ग्राम बनाए जाने की अधिसूचना जारी की जा चुकी है शीघ्र ही इन पंचायत के यह मजरे टोले राजस्व ग्राम घोषित हो जाएंगे और इन्हें मूलभूत सुविधाएं विकसित हो सकेगी वही ग्राम आबादी घोषित करने के लंबित प्रकरणों को भी शीघ्र निराकरण करने की मांग की है

**पुलिस स्टाफ को पर्याप्त सुविधाए दे प्रदेश सरकार**–वही सत्र के दौरान विधायक विपिन जैन द्वारा पुलिस विभाग अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधा के अंतर्गत आयुष्मान योजना का लाभ दिए जाने, ठगी के नए तरीकों को अपनाकर जनता से ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों पर अंकुश लगाने हेतु साइबर केंद्र खोले जाने, ठगी होने पर बैंकिंग सहायता शीघ्र दिए जाने, पुलिस कर्मचारियों के लिए साप्ताहिक अवकाश लागू किए जाने और उनकी ग्रेड पे बढाए जाने व अन्य भत्तो की बढोतरी के लिए भी मुख्यमंत्री से मांग की है विभाग द्वारा उत्तर में बताया गया है कि सभी बिंदुओं पर विचार किया जाकर कार्यवाहिया प्रचलन में है और शीघ्र ही सारी सुविधा प्रदेश के पुलिस कर्मियों को प्राप्त होगी।



# सीए ब्रांच मंदसौर के 75 वें स्थापना दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अपनी संस्था के स्थापना दिवस को पूर्ण जोश के साथ मनाना यह दर्शाता है कि आप अपनी संस्था से दिल से प्यार करते हैं। आपके द्वारा आयोजित किया जा रहा रंगारंग कार्यक्रम और उसमें आपका व आपके परिवारजनों का सम्मिलित होना संस्था के प्रति आपके समर्पण को प्रदर्शित करता है।

उक्त विचार मन्दसौर जिला आयकर अधिकारी श्री संजीव कुमार मलिक ने मन्दसौर सीए ब्रांच द्वारा अपने 75वें स्थापना दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर श्री राजेश भामोर ने स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि सीए परिवार को एक साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्यक्रम आयोजित करते हुए देखना अत्यन्त ही सुखद अनुभूति है। आप सभी में यही प्यार बना रहे और आप संस्था के शताब्दी वर्ष में और भी नयी उंचाइयों तक पहुंचे, यही हमारी शुभकामनाएं हैं। मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि मन्दसौर ब्रांच के सभी सदस्य व विद्यार्थी आज इस कार्यक्रम में अपने परिवारों के साथ उपस्थित हैं और पूरी सक्रियता के साथ पूरे सप्ताह में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता कर रहा है। यह एक सुखद भविष्य का संकेत है। सांस्कृतिक संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती प्रीति जैन, श्रीमती मनीषा मंडवारिया, श्रीमती सुरभि भंडारी, श्रीमती ज्योति काला, श्रीमती आयुषी नागर, श्रीमती अंजलि जैन, श्रीमती निशा जैन, श्रीमती निकिता भदादा, श्रीमती प्रियंका नागर, श्रीमती नेहा विजयवर्गीय, श्रीमती दिक्षिता जैन आदि ने नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में सीए परिवार के सदस्यों ने मधुर आवाज में गीत भी प्रस्तुत किये। सीए विद्यार्थी भी गीतों की धुन पर जमकर थिरके। कार्यक्रम का संचालन सीए विकास भंडारी ने किया। आभार प्रदर्शन सीए नयन जैन ने किया।

# उपयंत्री के साथ मारपीट से कर्मचारियों में आक्रोश, डिप्लोमा संघ जिला मंदसौर ने दिया ज्ञापन



**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मंगलवार को सागर में आर.ई.एस. में पदस्थ उपयंत्री जयसवाल नायक के साथ जनप्रतिनिधियों ने आंखों में मिर्ची पाउडर डाल कर मार पीट की गई। जिससे प्रदेश में कार्यरत् इंजीनियरों में रोष है। सभी जिलों में म.प्र. डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन के आहवान पर मुख्यमंत्री म.प्र.शासन, पंचायत एंव ग्रामीण विकास एंव श्रम विभाग, आयुक्त म.प्र. राज्य रोजगार गांरटी परिषद्, मुख्य अभियंता, कलेक्टर के नाम रमेश मसारे तहसीलदार मंदसौर एंव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर के नाम प्रदीप चौहान परियोजना अधिकारी मनरेगा को ज्ञापन सौंपा गया।

म.प्र. डि.एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष हरीश बोराना ने बताया है कि ऐसी घटनाओं से अभियंताओं में भय एंव अवसाद फैलता है। मनरेगा अध्यक्ष ऋषभ बाफना द्वारा घटना की निंदा की गई है। ज्ञापन देते समय जी.पी.भटनागर, श्री मांदलिया, आशिष शुक्ला, विकास तिवारी, घनश्याम राठौड, मुकेश सैनी, मनीष पाटीदार, ओ.पी. सैनी, संजीत आर्य, विशाल उदीवाल, रूपेश सोनगरा, के.एल.मीणा, जसवीर सिंह, मनीषा मालवीय, राजेन्द्र पोरवाल, आशिष राठौर, मनीष त्रिवेदी, राजेश बगलेकर आदि उपस्थित थे।

# स्वामित्व योजना अंतर्गत इसी माह शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करें-संभागायुक्त

## अविवादित बंटवारा, सीमांकन एवं नामांतरण के प्रकरण एक माह से अधिक समय तक लंबित न रहे, संभागायुक्त ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

**नीमच, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सम्भागायुक्त उज्जैन श्री संजय गुप्ता की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्टोरेट सभागृह नीमच में आयोजित की गई। बैठक के दौरान सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्वामित्व योजना अंतर्गत मिशन मोड में कार्य करें। सभी अधिकारी कार्य को पूर्ण करने के लिए युद्ध स्तर पर लग जाए। ड्रोन सर्वे में जो गांव छूट गए हैं। उसके लिए एक्सपर्ट



पटवारी की एक टीम बनाएं। गांव के सर्वे में कोई भी क्षेत्र न छूटे इसका विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। भौतिक सत्यापन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करें। इसके साथ ही इस कार्य में सभी एसडीएम प्रतिदिन निगरानी करें। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, डिप्टी कलेक्टर, सभी एसडीएम, तहसीलदार मौजूद थे।

श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि विवादित नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के प्रकरण एक माह से अधिक समय तक लंबित नहीं रहना चाहिए। अब तक जितने भी प्रकरण लंबित है, उनका एक माह के अंदर निराकरण करें। विवादित प्रकरणों का 6 माह में निराकरण करें। आरसीएमएस के अंतर्गत जितने भी प्रकरण है, उनका भी शीघ्र निराकरण करें। आरसीएमएस के प्रकरणों में देरी नहीं की जानी चाहिए। आरसीएमएस के प्रकरणों का निराकरण होने की पश्चात 24 घंटे के अंदर आदेश का पोर्टल पर अमल दर्ज करवाएं। साइबर तहसील स्थापित हो जाने के पश्चात इसके अंतर्गत आने वाले प्रकरणों का 10 दिन के अंदर ही निराकरण होना चाहिए। कोई भी प्रकरण 10 दिन से अधिक समय तक लंबित न रहे।

**स्वामित्व योजना में नीमच जिले में अच्छा कार्य हुआ है**–सम्भागायुक्त श्री संजय गुप्ता ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा के दौरान कहा, कि इस योजना के तहत नीमच जिले में अच्छा कार्य हुआ है। शेष ग्रामों का कार्य भी 20 दिन में पूरा कर, जिले को प्रदेश में अग्रणी स्थासन पर लाए। सम्भागायुक्त ने आरसीएमएस में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा में निर्देश दिए, कि राजस्व न्यायालय व्दारा आदेश पारित करने के 24 घंटे के अंदर उसका प्रतिवेदन आरसीएमएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज हो जाए। आदेशो का अमल दर्ज नहीं करने वाले पटवारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। सम्भागायुक्त ने सीमांकन के कार्य में रोवर का उपयोग करने के निर्देश देते हुए कहा, कि रोवर से सीमाकंन का कार्य करते समय पटवारी, आरआई के साथ तहसीलदार भी मौके पर उपस्थित होकर रोवर से सीमांकन की प्रक्रिया को समझे।

**आबादी के नक्शे का तहसीलदार स्वसयं सत्यापन करें**–सम्भागायुक्त श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि स्वामित्व योजना के तहत आबादी के नक्शों का गांव में उपस्थित होकर तहसीलदार स्वयं सत्यापन करें। शेष गांवों के ग्राउण्डन टूथिंग का कार्य 5 दिन में पूरा करवाएं। साथ ही आर.ओ.आर की एंट्री के लिए ग्राउण्डा टूथिंग के साथ ही आर.ओ.आर. रजीस्ट र भी तैयार कर लें, जिससे कि आर.ओ.आर.की एंट्री में सुविधा हो।



# हिन्दूओं को हिंसक बताकर राहुल गांधी ने अपनी छोटी मानसिकता का परिचय दिया

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** श्री राम युवा सेना ने 2 जुलाई, मंगलवार को स्थानीय गांधी चौराहा पर लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को हिंसक करने पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया तथा राहुल गांधी से देशभर के हिन्दू समाज से अपने कथन के लिये माफी मांगने का कहा। श्री राम युवा सेना के प्रदेश अध्यक्ष सरदार कुणाल श्रीवास्तव ने बताया कि देश के मंदिर लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा हिन्दुओं को हिंसक बताकर अपनी छोटी मानसिकता का परिचय दिया है। हिन्दू धर्म अहिंसा के मार्ग पर चलने वाला समाज है। जब कोई हिन्दू समाज पर आक्रमण करता है तो हिन्दू समाज उसे जवाब देता है। हिन्दुओं पर उंगली उठाने का किसी को कोई अधिकार नहीं है। राहुल गांधी इसाई मशीनरी के इशारे पर कार्य कर रहे है तथा हमेशा से ही हिन्दू विरोधी रहे है। उनको अपनी हिन्दूओं के विरोध में दिये गये बयान पर हिन्दू समाज से माफी मांगनी चाहिए अन्यथा श्रीराम युवा सेना आंदोलन को जारी रखेगा। इस अवसर पर श्री राम युवा सेना के अर्पित जैन, सनी कपूर, भैयालाल सेन, संजय गोयल, विजय पंडित, बसंत आंजना, शुभम नामदेव, मोहित, पप्पू सरोगा, गोलू ग्वाला सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लायंस क्लब शक्ति द्वारा डॉक्टर डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस मनाया

**पिपलियामंडी, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एक जुलाई से लाईनेस्टिक वर्ष प्रारंभ होता है वर्ष प्रारम्भ के अवसर पर लायंस क्लब अध्यक्ष नीलिमा अग्रवाल ने कहा कि लाइने स्टिक वर्ष के पहले दिन ही सेवा कार्य की शुरुआत करते हुए सदैव निस्वार्थ



भाव से सेवा के लिए तत्पर रहने वाले चिकित्सको को सम्मानित किया जाना चाहिए इस पर लायंस क्लब द्वारा सभी चिकित्सकों का जिसमें डॉक्टर राकेश जैन डॉक्टर रविराज सिंह डॉक्टर प्रतिभा भावसार एवं डॉक्टर प्रियल फरक्या को प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया, क्लब सचिव लायन दीपिका पटवा ने कहा कि मानव की सच्ची सेवा एक डॉक्टर ही कर सकते है आज डॉक्टर्स डे पर हम सभी डॉक्टर का सम्मान करते हैं, कोषाध्यक्ष लायन मोना सेठिया ने सभी चिकित्सकों एवं सी. ए. दर्शित मूंदडा को चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही अस्पताल में भर्ती मरीजों को बिस्कुट के पैकेट एवं फ्रूट्स वितरित किए। इस अवसर पर लायन ममता शर्मा, लायन मनीषा , लायन प्रियंका फरक्या, लायन प्रियंका जैन, लायन सुमन गर्ग, लायन वर्षा अग्रवाल आदि क्लब सदस्य उपस्थित थे।

# समाज के विश्वास को बनाए रखे चिकित्सक...

## पत्र संपादक के नाम
संपादक की सहमति आवश्यक नहीं

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** डॉक्टर को गाड ऑफ ऑनर यानी धरती का भगवान कहा गया हे। जीवन से निराश व्यक्ति अगर आखरी समय में किसी को याद करता हे तो वह हे भगवान। ऐसे में अगर कोई डॉक्टर उसके सामने आ जाता है तो इंसान डॉक्टर पर भी एक भगवान के समान ही विश्वास करता हे। यह सम्मान धरती पर किसी और को नही मिला हे। आज डॉक्टरी पेशा ही ऐसा पेशा हे जिसकी सर्वोच्च सामाजिक प्रतिष्ठा हे। चिकित्सको के इस पुनीत कार्य के दृष्टिगत कहा भी गया हे कि ' चिकित्सात पुण्यतम न किंचित ' यानी चिकित्सा से पुण्यप्रद कोई दूसरा कार्य नही हे। एक जुलाई को पूरे देश में डॉक्टर डे मनाया जाता हे। देश के महान चिकित्सक डॉ विमलचंद्र राय के जन्मदिन पर मनाए जाने वाले इस दिवस पर प्रतिवर्ष कई आयोजन डॉक्टरो के सम्मान में कई कार्यक्रम किए जाते हे। डॉ राय की ख्याति केवल उच्च शिक्षित, मेडिकल शिक्षक और चिकित्सक के रूप में नही थी वरन उन्होने स्वतंत्रता आंदोलन में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। वर्तमान में भी डॉ राय की व्यवसायिक संवेदनशीलता, कर्तव्यपरायनता एवम शुचितापूर्ण जीवन को लोग याद करते हे। मगर कुछ वर्षो से चिकित्सको के नैतिक और सामाजिक मूल्यो में गिरावट आने लगी हे। जिस तेजी से इस पेशे में नैतिकता का अवमूल्यन हुआ उससे डॉक्टरी पेशा अपनी प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता खोने लगा हे। आलम अब यह हे की अब डॉक्टर और मरीज के बीच विश्वास का सेतू जर्जर हो गया हे। जिसे फिर से मजबूत करने के लिए कुछ पहल करना जरूरी हे। चिकित्सा के क्षेत्र में व्यवसायिकता के प्रवेश ने इसे आम आदमी के लिए दुभर बनाया हे। देश में कुछ समय से तेजी से चिकित्सा सेवाओं का निजीकरण और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की खस्ताहाल स्थिति ने चिकित्सा पेशे की विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा को सर्वाधिक नुकसान पंहुचाया हे। आज लोगो में यह धारणा बन चुकी हे की निजी चिकित्सक अपने नर्सिंग होम का भारी भरकम खर्च जुटाने तथा मोटा मुनाफा कमाने के फेर में मरिजो का गैर जरूरी परीक्षण करवाते हे तथा उन्हे जबरन भर्ती रखते हे। इसके अलावा वे मरीजो को महंगी दवाइयां लिखने में कोई परहेज नही करते। कई निजी नर्सिंग होम के डॉक्टर अनावश्यक होने पर भी मानव अंगो को निकाल देते हे। आयुष्मान कार्ड घोटाला तथा पेसो के भुगतान अभाव में शव को बंधक तक बनाने जेसी अमानवीय घटनाओ की खबरो ने चिकित्सक समाज को शर्मसार और कलंकित किया हे। कई मायनो में यह सब सच भी हे। हालांकि दूसरी और एक मानवीय पहलू यह भी हे की हर व्यवसाय में कुछ अपवाद होते हे जिससे चिकित्सा क्षेत्र भी अछूता नही हे। कुछ डॉक्टरो की अनेतिक गतिविधियों के कारण पूरा चिकित्सा समाज कलंकित हो रहा हे यह दुखदायी व अप्रासंगिक हे। ऐसे में क्यों न चिकित्सक समुदाय स्वयं पहल करे और अपने पेशे में नैतिकता का नया स्तर बनाकर फिर लोगो का विश्वास अर्पित करे क्योंकि संसार में डॉक्टर ही हे जिसे मनुष्य आशा भरी नजरो से देखता हे और भगवान का स्वरूप मानता हे। इसलिए इस अपेक्षा पर खरा उतरना मानवीय संवेदनाओ के साथ ही चिकित्सक का सामाजिक व राष्ट्रीय धर्म भी हे।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

# नगर परिषद का साधारण सम्मेलन सम्पन्न

**मनासा, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद कुकड़ेश्वर का साधारण परिषद सम्मेलन परिषद् सभा कक्ष में आज दिनांक 2 जुलाई 2024 को नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला महेंद्र पटवा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें रखे गए सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए परिषद में बगीचा मंगल वाटिका में फाउंटेन व गाज़ीबो लगाने का कार्य की प्राप्त करें तथा महादेव तालाब पाल पर चारों ओर सौंदर्यकरण हेतु डेकोरेटिव लाइट्स पोल लगाने के कार्य की प्राप्त दर स्वीकृत की गई इसके साथ ही विभिन्न कच्चे मार्गो पर रास्ता दुरुस्तीकरण कार्य व मुरमीकरण कार्य की पुष्टि, रामपुरा रोड से आमद रोड बायपास रोड निर्माण, वार्ड 3 आमद रोड पर पान मंडी व दुकाने निर्माण कार्य, महादेव तालाब में सौन्दर्यीकरण हेतु महादेव जी की मूर्ति स्थापित करने, तलाउ रोड पर नाला निर्माण, पुलिस कॉलोनी पीछे गलियों में सीसी रोड व रामपुरा रोड पेट्रोल पंप से स्वागत द्वार तक स्ट्रीट लाइट पोल लगाने आदि कार्यो की स्वीकृति व नामांतरण प्रकरणों की स्वीकृति दी गई उक्त परिषद सम्मेलन में उपाध्यक्ष श्रीमती सोनाली उज्जवल पटवा समस्त पार्षद गण मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल सिंह परमार व परिषद लिपिक श्री रमेश चंद्र मोदी उपस्थित थे परिषद मीटिंग के पश्चात नगर परिषद के वार्ड 4 के पार्षद श्री महेश छोटू टोडावाल के पिताजी श्री राधे श्याम जी टोडॉवाल रिटायर्ड नायब तहसीलदार के दुखद निधन पर परिषद के सदस्य गणों, पार्षद प्रतिनिधि व मुख्य नगर पालिका अधिकारी व कर्मचारीयो द्वारा शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।

# राजस्व सेवा शिविरों का आयोजन कल

**नीमच, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में राजस्व विभाग से संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष राजस्व सेवा अभियान पुन: चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 4 जुलाई 2024 गुरुवार को प्रात: 11 से सायं 4 बजे तक जिले की सभी तहसीलों के 15 ग्रामों में राजस्व अधिकारियों द्वारा विशेष राजस्व शिविर लगाए जाएगें। सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख सुश्री मोनिका जैन ने बताया, कि 4 जुलाई को इस अभियान के तहत नीमच नगर तहसील के ग्राम डूंगलावदा व जयसिंहपुरा, नीमच ग्रामीण तहसील के ग्राम बामनबर्डी व झालरी, जीरन तहसील के गाँव कुचडौद व घसुण्डीस जागीर, जावद तहसील के ग्राम सरोदा, नीलिया, मनासा तहसील के ग्राम खजूरी, उचेड एवं फूलपुरा, सिंगोली तहसील के ग्राम धारडी, झातला एवं रतनगढ, रामपुरा तहसील के अमरपुरा ब्लॉक में राजस्व सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे है।

# एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत सम्भागायुक्त ने किया पौधारोपण



**नीमच, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सम्भागायुक्त उज्जैन श्री संजय गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर नीमच में एक पौधा मॉ के नाम अभियान के तहत चम्पा का पौधा रोपा। इस मौके पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद, उप संचालक उद्यानिकी श्री अंतरसिह कन्नौजी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

सम्भागायुक्त श्री संजय गुप्ता ने कहा कि एक पौधा मां के नाम अभियान अंतर्गत जिले में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाए। साथ ही एक पौधा मां के नाम सेल्फी लेकर अपलोड भी करें। इसके लिए लिंक सभी को उपलब्ध कराएं तथा फोटो कैसे अपलोड किया जाएं उसकी प्रक्रिया भी बताएं। पौधा लगाने के पश्चाात सेल्फी के साथ उसे रजिस्टर्ड जरूर करें। सेल्फी के साथ में मां अथवा उनकी तस्वीर भी रखे।

**कलेक्टोरेट का निरीक्षण:**– सम्भागायुक्त श्री गुप्ता ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के साथ संयुक्त कलेक्टोरेट कार्यालय भवन स्थित विभिन्न कार्यालयों और कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होने कलेक्टर कार्यालय के स्टाफ रूम, नम्बर 26 में स्थित विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों से चर्चा कर, उनके व्दारा संपादित कार्यो की जानकारी ली। सम्भागायुक्त ने भू-अभिलेख, एवं बाढ आपदा कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।

**दीदी कैफे का निरीक्षण :**– संभागायुक्त श्री संजय गुप्ता ने मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर नीमच में महिला स्वसहायता समूह व्दारा संचालित दीदी कैफे का निरीक्षण कर, जायजा लिया और समूह की महिलाओं व्दारा स्वारोजगार के रूप में दीदी कैफे का सफलतापूर्वक संचालन करने की सराहना की। इस मौके पर कलेक्टर श्री दिनेश जैन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

दिनांक 03 जुलाई 2024

**अपनी कुण्डली स्वयं देखे-ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ**

**क्या आप जानते है..?**



✻ वृषभ राशि के जातक बहुत ही गंभीर, बुद्धिमान एवं उत्तम कार्य शैली युक्त होते है।
✻ इस राशि के जातक आकर्षक प्रवृत्ति के होते है दुसरो को शीघ्र ही अपनी और आकर्षित करने मे सक्षम होते है। ✻ आप सभी कार्यो को स्थिर बुद्धि रखकर सम्पन्न करते है।
✻ अपनी कार्यशैली के कारण समाज में प्रशंसा प्राप्त करते है।

ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी
जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 30 | 2200 | 2420 |
| उडद | 10 | 4301 | 8300 |
| सोयाबीन | 6700 | 3500 | 4550 |
| गैहु | 6500 | 2501 | 3111 |
| चना | 384 | 5451 | 6481 |
| मसुर | 301 | 5300 | 6282 |
| धनिया | 217 | 4900 | 6750 |
| लहसुन | 12200 | 6000 | 23000 |
| मैथी | 1040 | 4800 | 6166 |
| अलसी | 1600 | 5500 | 6060 |
| सरसो | 500 | 5150 | 5500 |
| तारामीरा | 000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 100 | 7000 | 13700 |
| प्याज | 3500 | 812 | 2821 |
| कलोंजी | 28 | 17201 | 19200 |
| डॉलर | 40 | 5500 | 9000 |
| तिल्ली | 320 | 10220 | 12151 |
| मटरसुखी | 5 | 4901 | 5900 |
| असालीया | 50 | 8901 | 10220 |

कार्यालय :- **नवीन कुमार निमावत**, एडवोकेट
जवाहर मार्ग, जावद, जिला-नीमच (म.प्र.) मो.नं. 9425033929, 9806883929

**✻✻ जाहिर सूचना ✻✻**

बनाम :- सर्व साधारण

इस जाहीर सूचना के द्वारा सर्व साधारण एवं संबंधित पक्षकारान को सूचित किया जाता हैं कि मेरे व्यवहारी ने श्री पुरुषोत्तम पिता भेरूलाल जी जाति धाकड, निवासी ग्राम दामोदरपुरा, तहसील जावद, जिला नीमच (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि प.ह.नं. 17, ग्राम दामोदरपुरा, तहसील जावद, में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 73/1 रकबा 1.110 हें. भूमि जिसकी चतुरसीमा उत्तर में – सर्वे क्रमांक 80/1 व 80/2 की भूमि, दक्षिण में – सर्वे क्रमांक 220 व 221 की भूमि, पूर्व में – सर्वे क्रमांक 73/2 की भूमि, पश्चिम में – सर्वे क्रमांक 72 की भूमि को मेरे पक्षकार ने खाते-खसरो में वर्णित भूमिस्वामी से क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया हैं। मौखिक अनुबंध अनुसार मेरा व्यवहारी उक्त क्रय की जा रही सम्पत्ति के विक्रय धन का प्रतिफल विक्रेता को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करायेगा।

उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का कोई रहन, बय, दान, कब्जा व ऋण भार नहीं होने संबंधी विक्रेता द्वारा बताया गया हैं। उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे व्यवहारी के पक्ष में विक्रय धन राशि मेरे व्यवहारी द्वारा विक्रेता को अदा कर उप पंजीयक कार्यालय जावद में विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जायेगा जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज साक्ष्य के पाँच दिवस में कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। पंजीयन के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पेश की जाती है तो मेरे व्यवहारी के मुकाबले व्यर्थ एवं प्रभावशुन्य होगी जो सभी पक्षो पर बंधनकारी होगी।

दिनांक:- 02.07.2024

भवदीय
नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट, जावद

# अतिक्रमण, सीमांकन, बंटवारा की शिकायतों का तुरंत मौके पर जाकर निराकरण करें-कलेक्टर

**जिला स्तरीय जनसुनवाई गरोठ में संपन्न**



**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने जिला स्तरीय जनसुनवाई आज गरोठ तहसील कार्यालय में आयोजित की। मौके पर ही आम जनता की समस्या को सुना तथा अधिकारियों को तुरंत निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त सीमांकन, नामांतरण एवं बंटवारे की जो शिकायते हैं, उनका तुरंत मौके पर जाकर निराकरण करें। जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, जिलाधिकारी, विकास विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद थे।

जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने कब्जा छुड़वाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए की, इस संबंध में तुरंत कार्यवाही करें। सीमांकन की एक भी शिकायत लंबित न रखें। एक दिव्यांग जन द्वारा पेंशन न मिलने, राशन न मिलने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद को निर्देश दिए कि तुरंत पेंशन स्वीकृत करें तथा जिला आपूर्ति विभाग जांच कर राशन प्रदान करें। राजस्व अधिकारियों को कहा कि जहां पर सीमांकन संभव नहीं है, उस स्थिति में शिकायत कर्ता को लिखित में जानकारी दें। रास्ते पर अतिक्रमण के संबंध में किसानों के द्वारा आवेदन दिया गया। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए की तुरंत जांच कर रास्ते से अतिक्रमण हटाए। जिससे किसान सुचारू रूप से अपने खेत तक जा सके। एक महिला द्वारा पट्टा निर्माण के लिए आवेदन दिया गया। जिस पर कलेक्टर ने सीएमओ गरोठ को निर्देश दिए की पट्टे के संबंध में जांच कर आगामी कार्यवाही करें। एक किसान द्वारा आवेदन दिया गया कि उसको किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिल रही हैं, जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए की जांच कर किसान सम्मान निधि की नियमानुसार राशि प्रदान करें।

## भारतीय न्याय संहिता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

**नीमच, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला महिला बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित मिशन शक्ति के तीसरे सप्ताह में भारतीय न्याय संहिता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत मगंलवार 2 जुलाई को नीमच शहरी क्षेत्र के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 55 पुरानी नगरपालिका एवं केन्द्र क्रमांक 26 नयाबाजार नीमच में वन स्टॉप सेन्टर सखी की लिगल केसवर्कर सुश्री नुशरत खान, सोशल केसवर्कर सुश्री पूजा मिश्रा, श्रीमती रीना पाठक, सुश्री रजिया आई.टी. वर्कर, द्वारा भारतीय न्याय संहिता के बारे में उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं को नए कानूनों, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, महिला और बच्चों के विरूद्ध अपराध के बारे में बताया और उन्हे विभिन्न हेल्पलाईन नंबरों की जानकारी दी। यह जानकारी जिला महिला कार्यक्रम अधिकारी श्री टी.सी.महेरा ने दी।

# उप जैल निर्माण के लिए गरोठ एसडीएम भूमि चिन्हित करें-कलेक्टर

**कलेक्टर ने उप जैल गरोठ का औचक निरीक्षण किया**



**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने उप जैल गरोठ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री यादव ने गरोठ एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि उप जेल गरोठ के निर्माण के लिए जल्द से जल्द भूमि चिन्हित कर फाइनल करें। भूमि के संबंध में हाउसिंग बोर्ड से बात करें। कलेक्टर ने कैदियों से संवाद किया। बैरक का निरीक्षण किया। कैदियों को दिए जाने वाले खाने के बारे में जानकारी ली, भोजन को देखा। सप्ताह में कब-कब कैसे भोजन दिया जाता है, उसकी पूरी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, गरोठ एसडीएम श्री सोलंकी, उप जैल अधीक्षक मौजूद थे।

# रेलवे का नया टाइम टेबल 1 जनवरी 2025 से होगा लागू, बोर्ड ने महाप्रबंधकों को जारी किया सर्कुलर



**नई दिल्ली, 02 जुलाई।** रेलवे की नई समय सारणी अब अगले साल एक जनवरी 2025 से लागू होगी। रेलवे ने मौजूदा समय सारणी को 31 दिसंबर 2024 तक बढ़ा दिया है। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर रेलवे जोनों ने ट्रेनों की मौजूदा समय सारिणी को 31 दिसंबर, 2024 तक बढ़ाने की जानकारी देते हुए सर्कुलर जारी कर दिए हैं। हर साल रेलवे 30 जून से पहले ट्रेनों की समय सारिणी जारी करता है, जिसे ट्रेन्स एट ए ग्लांस (टीएजी) के नाम से जाना जाता है। यह समय सारणी एक जुलाई से अगले साल 30 जून तक लागू रहती है।

**बोर्ड ट्रेनों की टाइमिंग और रनिंग स्टेटस की समीक्षा कर रहा**–रेलवे बोर्ड के अधिकारी ने कहा, रेलवे बोर्ड ट्रेनों की टाइमिंग और रनिंग स्टेटस की समीक्षा कर रहा है। रेलवे बोर्ड समय सारणी को और बेहतर बनाना चाहता है इसलिए नई समय सारिणी जारी करने की तारीख एक जनवरी, 2025 तक बढ़ा दी गई है। तब तक पुरानी समय सारिणी जारी रहेगी।

**17 जोन के सभी महाप्रबंधकों को सर्कुलर जारी किया**–रेलवे बोर्ड ने 27 जून, 2024 को 17 जोन के सभी महाप्रबंधकों को सर्कुलर जारी कर मौजूदा टीएजी को 31 दिसंबर 2024 तक बढ़ाने को कहा था। बोर्ड के पत्र के बाद उत्तर मध्य रेलवे ने 28 जून को समय सारिणी को 31 दिसंबर तक बढ़ाने को लेकर सर्कुलर जारी किए। प्रयागराज, झांसी और आगरा कैंट की मौजूदा समय सारिणी की वैधता भी 31 दिसंबर 2024 तक बढ़ा दी जाएगी और नई कार्य समय सारिणी एक जनवरी 2025 से लागू होगी।

**फिलहाल वर्किंग टाइम टेबल-2023 के अनुसार चलेंगी ट्रेनें**–सर्कुलर के अनुसार सभी ट्रेनें मौजूदा वर्किंग टाइम टेबल-2023 के अनुसार चलेंगी। इसी तरह का सर्कुलर पश्चिम-मध्य रेलवे द्वारा भी जारी किया गया, जिसमें सभी 3 डिवीजनों जबलपुर, भोपाल और कोटा के डीआरएम को मौजूदा समय सारणी के अनुसार काम करने को कहा गया।

## बाबा अमरनाथ के तीन दिनों में 51 हजार श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**जम्मू 02 जुलाई।** 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक 51,000 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को 6,537 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था दो सुरक्षा काफिले के साथ कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 6,537 तीर्थयात्री जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुए।

अधिकारियों ने बताया, इनमें से 2106 श्रद्धालु 105 वाहनों के सुरक्षा काफिले के साथ सुबह 3ः05 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए, जबकि 4,431 तीर्थयात्री 156 वाहनों में सवार होकर सुबह 3ः50 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुए। मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आमतौर पर बादल छाए रहने और सुबह के समय हल्की बारिश/गरज के साथ छींटे पडने का अनुमान जताया है। यात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग या 14 किलोमीटर वाले छोटे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग से जाने वाले दर्शन करने के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं। इस वर्ष की यात्रा के दौरान 7,000 से अधिक सेवादार (स्वयंसेवक) यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 3 जुलाई से अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन



**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** उच्च शिक्षा विभाग म- प्र- के आदेशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में महाविद्यालय स्तर पर प्राचार्य महोदय डॉ बी-आर- नलवाया के मार्गदर्शन एवम प्रवेश प्रभारी प्रो गौरव पाटीदार के संयोजन में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत दीक्षा- आरंभ समारोह 2024 का 1 जुलाई से 3 जुलाई 2024 तक आयोजन किया जा रहा हैब समारोह के दूसरे दिन 2 जुलाई 2024 की गतिविधि के अंतर्गत नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियों एवं महाविद्यालय के सभी विभागों पाठ्यक्रमों का परिचय विद्यार्थियों को प्रदान किया गया प्रदान किया गया जिसमें प्रो गोविंद शर्मा, डॉ राजेश सकवार द्वारा छात्रवृत्ति सुविधाओं का परिचय प्रदान किया गया। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विभागीय प्रयोगशाला सुविधाओं का परिचय प्रदान किया गया। जिसमें प्रो वी.पी. तिवारी द्वारा भूगोल, प्रो आर-सी-डाड द्वारा कंप्यूटर, प्रो विनीता कुलश्रेष्ठ द्वारा जियोलॉजीब प्रो संदीप सोनगरा, प्रो सिद्धार्थ बरोड़ा के निर्देशन में विद्यार्थियों ने प्राणिकी एवं बायोटेक्नोलॉजी माइक्रोबायोलॉजीब प्रो खुशबू मंडोवरा द्वारा रसायन, फार्मा प्रयोगशाला, प्रो कोमल मूलचंदानी भौतिकी प्रयोगशाला प्रो संतोष शर्मा द्वारा बॉटनी सीड तकनीकी की प्रयोगशाला का भ्रमण विद्यार्थियों को कराया गया जिसमे उक्त विभाग के प्राध्यापकों द्वारा जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को नियमित रूप से कक्षा एवं प्रयोगशाला में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया। इस आयोजन में विभाग के डॉ शिखा ओझाब डॉ मनीषा कोठारीब प्रो- हिमांशी राय गौड़, प्रो- चीना मिंडाब प्रो- प्रकाश दासब प्रो- कुंदन माली सहित विभाग के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## कार्यालय में समय पर उपस्थित नहीं होने पर दस विभाग के 31 कर्मचारियों के अर्द्ध आकस्मिक अवकाश का किया कटोत्रा

**मंदसौर, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अपर कलेक्टर जिला मंदसौर द्वारा बताया गया कि कार्यालयीन समय प्रात: 10 बजे उपस्थित रहने हेतु सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया था। 1 जुलाई 2024 को कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा उपस्थिति पंजी का अवलोकन किया गया। जिसमें 10 विभाग के 31 कर्मियों के हस्ताक्षर होना नहीं पायें गये। कार्यालय में विलंब से उपस्थित कर्मचारियों का अर्द्ध आकस्मिक अवकाश का कटोत्रा किया जाना सुनिश्चित करें।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम सम्पन्न

**पिपलियामंडी, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महिला बाल विकास विभाग मल्हारगढ ने झारडा सेक्टर अन्तर्गत गांव फतेहपुर में किशोरी बालिकाओं का बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम आयोजित किया। पर्यवेक्षक रामकन्या राठौर ने कहा बताया बेटी पढेगी तो दो परिवारों को शिक्षित करेगी। राठौर ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रथम व द्वितीय मातृ योजना सहित शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

## द्वितीय दिवस भी दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

**दलौदा, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय दलौदा जिला मंदसौर में उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवम् प्राचार्य डीसी गुप्ता के मार्गदर्शन में दूसरे दिन भी दिक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में आमन्त्रित युवा उद्योगपति ईश्वर अटेला (अटेला ऑर्गेनिक इंडस्टरीज )ने विद्यार्थियों को कौशल विकास करने एवं उद्योग स्थापित करने के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर प्रेरित किया एवं विद्यार्थियों की जिज्ञासा को प्रश्न पूछ कर उनका समाधान किया ,जिससे निश्चित विद्यार्थी जीवन में कौशल विकास की ओर अग्रसर होंगे। डॉ पवन कुमार पिलोदिया एवम् डॉ. जसवंत कुमार कारपेंटर ने छात्रवृती, एवम् विभिन्न प्रकार कि योजनाओ की जानकारी दी तथा श्रीमती अरुणा नापित एवं ममता देवी यादव द्वारा विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभागों एवं पाठ्यक्रमों के विषय में विस्तृत जानकारी दीगई। डॉ मला हकवाडिया द्वारा महाविद्यालय में संचालित स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना की जानकारी दी गई। स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी सी गुप्ता द्वारा दिया गया एवं कार्यक्रम का संचालन प्रवेश प्रभारीडॉ नोंदराम मालवीय द्वारा किया गया एवं आभार माला हकवाडिया ने माना।

**श्री दूधाखेड़ी माताजी मंदिर की दान पात्र गणना...**

## दूसरे दिवस 16 लाख 63 हजार 400 की हुई गणना



**भानपुरा, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** क्षेत्र के प्रसिद्ध चमत्कारी आरोग्य धाम दूधाखेड़ी माताजी मंदिर के दान पात्र मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एस.डी.एम गरोठ चन्दर सिंह सोलंकी के आदेशनुसार मंदिर प्रबंध समिति के सचिव भानपुरा तहसीलदार विनोद शर्मा के निर्देशन मे ग्राम पटवारी फूलचंद जजावरा द्वारा सोमवार को खोले गए थे।

गणना कार्य की अधिक जानकारी देते हुए मंदिर लेखापाल नरेंद्र शर्मा ने बताया कि गणना के दूसरे दिवस मंगलवार को भी दान पात्र खोले गए। प्रात: 11 बजे से देर शाम 6 बजे तक चली दान राशी की गणना मे दूसरे दिवस 16 लाख 63 हजार 400 रुपये की गणना की गई। दो दिनों की गणना मे आंकड़ा 36 लाख 36 हजार 400 रुपये पहुँच गया है। मंगलवार को भी गणना का कार्य राजस्व विभाग पटवारी गण ,महिला बाल विकास आंगनवाड़ी कर्मचारीगण, भानपुरा ,समीपस्थ ग्रामो के कोटवार, मंदिर व्यवस्थापक रामेश्वर शर्मा, मंदिर पुजारी घनश्याम नाथ योगी, मंदिर कर्मचारी जगदीश योगी, पप्पू योगी,रमेश चन्द्र द्विवेदी, चतुर्भुज प्रजापति ग्राम कोटवार परमानंद शर्मा,मंदिर सफाई कर्मचारीगण द्वारा किया गया। गणना उपरांत राशी को सेंट्रल बैंक आफ इंडिया शाखा गरोठ सहायक प्रबंधक जगदीश जोशी, बैंक कर्मचारी पंकज प्रजापति को सुपुर्द की गई। सुरक्षा के मद्देनजर सी.सी.टी.वी कैमरे से गणना कार्य की रिकॉर्डिंग की गई। आगामी दिनों मे भी गणना कार्य जारी रहेगा।

## सार्वजनिक मुक्ति धाम विकास समिति भानपुरा के सर्वसम्मति से चुनाव सम्पन्न

**भानपुरा, 02 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर के छोटे महादेव मार्ग स्थित शमशान घांट के चहुंमुखी विकास हेतु व्यापक रूप से प्रयास किया जाएंगे, जन सहयोग, नगर परिषद एवं जनप्रतिनिधियों से सम्पर्क कर उन्हें सरकार द्वारा मुक्ति धाम विकास हेतु प्रदत्त विकास राशि से मुक्तिधाम में अनेक विकास कार्यों को मूर्त रूप दिया जाएगा। रविवार 30 जून को श्री हनुमानगढ़ी छतरी रोड़ पर शाम 5:00 बजे सार्वजनिक मुक्तिधाम विकास समिति की बैठक आयोजित कर उपरोक्त निर्णय लिए जाने के साथ ही सर्वसहमति से कार्यकारणी के चुनाव संपन्न हुए। बैठक में लिए निर्णय अनुसार अध्यक्ष पद पर संजय भाना एवं सचिव पद पर नवीन तिवारी को चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष पद पर दिलीप सिंह चौहान एवं लाखन प्रजापति एवं कोषाध्यक्ष पद पर अरविंद शर्मा अध्यक्ष पद पर विकास पहाड़िया तथा सहसचिव पद पर राजेश निम्बोदिया व संयोजक के दायित्व हेतु मनोज मंगरोलिया को चुना गया।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मंदसौर म.प्र.

E-Mail-modgmman@mp.gov.in

क्रमांक/849/खनिज/2024 मंदसौर, दिनांक-27.06.2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

//// प्रथम सूचना ////

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक चामुण्डा स्टोन क्रेशर , पावटी, तहसील गरोठ, जिला मंदसौर द्वारा क्रेशर मशीन लगाकर गिट्टी बनाने एवं विक्रय के लिए पत्थर खनिज का उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 24.06.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 01.08.2024 तक इस क्षेत्र पर यथा स्थित उत्खनिपट्टा आवेदन आन लाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा | भूमि का प्रकार (शासकीय/निजी) | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मंदसौर | गरोठ | जुनापानीपावटी | 473 | 3.000 है. | शासकीय | गिट्टी पत्थर एवं एम सेड़ (क्रेशर आधारित) | --- |

1. उपरोक्त प्रस्तुत आनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 01.08.2024 तक कार्यालयीन समय सायं 5.30 बजे तक आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। 2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र एवं पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त आवेदन पत्र को मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा। 4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरान्त भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा। 5. निर्धारित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा जिला मंदसौर म.प्र.

G-12786/24 जीवन है अनमोल, तो क्यों करे यातायात नियमों से खेल।



## राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001 Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 50/2024 दिनांक 02.07.2024

✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा उदयलाल पिता कन्हैयालाल शर्मा जाति ब्राह्मण, निवासी ग्राम बाग्या, तहसील व जिला मंदसौर से आवासीय मकान ग्राम-बाग्या, ग्राम पंचायत बाग्या, पटवारी हल्का नं. 107, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र एमपी 249392024ए1832897, दिनांक 28/06/2024 से मेरे पक्षकार उषाबाई पति उदयलाल शर्मा, जाति ब्राह्मण, निवासी ग्राम बाग्या, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मंदसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-

पूर्व में-मूलचंद का मकान, पश्चिम में-मदनलाल का मकान, उत्तर में-आम रास्ता, दक्षिण में-दुर्गाशंकर का मकान, पैमाईश रकबा-600 वर्ग फीट या 55.76 वर्ग मीटर।

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर



## आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस की प्रिंटिंग यूनिट पर रात्रि के समय 11 से 3 बजे तक काम करने वाले युवक (हेल्पर) की आवश्यकता है।

कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।

वेतन योग्यता अनुसार

(मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें)

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928. 8319964648



कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक LIG.II-278 को श्री प्रकाश भाले पिता श्री लक्ष्मण राव भाले मण्डल आदेश क्रमांक 7484 दिनांक 02.06.1990 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 18.05.2006 एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 28.05.2024 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीबद्ध किया गया था। श्री प्रकाश भाले पिता श्री लक्ष्मण राव भाले द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री विकास राघव पिता श्री विरपाल सिंह राघव को कर विक्रय पत्र दिनांक 11.06.2024 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया है। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्री विकास राघव पिता श्री विरपाल सिंह राघव अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय सस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक LIG.II-278 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्री विकास राघव पिता श्री विरपाल सिंह राघव के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG.I-345 श्री शाबिर पेमला पिता श्री मोहम्मद पेमला को मण्डल आदेश क्रमांक 941 दिनांक 28.05.2024 द्वारा नामांतरित किया गया था। श्री शाबिर पेमला पिता श्री मोहम्मद पेमला द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमती राधा शर्मा पति शिवदत्त शर्मा को कर विक्रय पत्र दिनांक 31.05.2024 को पंजीबद्ध करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमती राधा शर्मा पति श्री शिवदत्त शर्मा अपने नाम करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन का नामांतरण श्रीमती राधा शर्मा पति श्री शिवदत्त शर्मा के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी दलौदा, जिला मंदसौर स्थित भूखंड क्रमांक LIG.81 जो की श्री प्रहलाद चौधरी पिता श्री राधेश्याम चौधरी को मण्डल आदेश क्रमांक. 2102 दिनांक 15.09.2023 द्वारा नामांतरित किया गया था। श्री प्रहलाद चौधरी पिता श्री राधेश्याम चौधरी द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमति ललिता धाकड़ पति यशवंत धाकड़ को कर दिनांक 02.06.2023 को इनके पक्ष में भवन का विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण श्रीमति ललिता धाकड़ पति यशवंत धाकड़ अपने नाम करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखंड क्रमांक LIG.81 दलौदा, जिला मंदसौर का नामान्तरण श्रीमति ललिता धाकड़ पति यशवंत धाकड़ के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)



कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी दलौदा, जिला मंदसौर स्थित भूखंड क्रमांक LIG.80 जो श्री प्रहलाद चौधरी पिता श्री राधेश्याम चौधरी को मण्डल आदेश क्रमांक. 2101 दिनांक 15.09.2023 द्वारा नामांतरित किया गया था।श्री प्रहलाद चौधरी पिता श्री राधेश्याम चौधरी द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्रीमति ललिता धाकड़ पति यशवंत धाकड़ को कर दिनांक 02.06.2023 को इनके पक्ष में भवन का विक्रय पत्र उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार उक्त भवन का नामांतरण श्रीमति ललिता धाकड़ पति यशवंत धाकड़ अपने नाम करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखंड क्रमांक LIG.80 दलौदा, जिला मंदसौर का नामान्तरण श्रीमति ललिता धाकड़ पति यशवंत धाकड़ के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्िया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in